# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002
Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 05.06.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 05.06.2025

### फुलवरिया तिराहे से सेंट्रल जेल रोड तक हटा अतिक्रमण

**वाराणसी।** फुलवरिया तिराहा से सेंट्रल जेल रोड के किनारे अतिक्रमण हटाया गया। बुधवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर संयुक्त अभियान चलाकर ठेला-खोमचे वालों को हटाया गया। वेंडिंग जोन के बाहर कारोबार करने पर रोक लगाई गई। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से वीडीए की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ठेला-खोमचों को हटाकर व्यवस्थित किया गया। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 05.06.2025

### पार्कों का सुंदरीकरण कराकर वीडीए देगा पर्यावरण का संदेश

जासं, वाराणसी : शहर की हवा दूषित होने के साथ लोग विभिन्न बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। चिकित्सक से उपचार कराने के बाद भी लोगों को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है। शहरवासियों की बढ़ती परेशानी को देखते हुए वाराणसी विकास प्राधिकरण ने बड़ी पहल की है। अब विकास प्राधिकरण शहर के विभिन्न कालोनियों और चौराहों के पार्कों का सुंदरीकरण कराने के साथ हरियाली पर ज्यादा जोर दे रहा है जिससे लोगों को शुद्ध हवा मिले। साथ ही स्वास्थ्य लाभ के लिए ओपन जिम भी स्थापित करेगा। वीडीए ने पहले चरण में 50 पार्कों की सूची बनाने के साथ काम शुरू कर दिया है। हर पार्क का अलग-अलग थीम होगा जिससे उसकी पहचान करने में आसानी होगी।

वीडीए का मानना है कि शहर में तेजी से आबादी बढ़ने और मकान बनने से हरे पेड़ों की कटाई हो रही है। एक दशक में कई विकास योजनाओं पर काम होने के साथ हरे पेड़ों की कटाई भी हुई। सबसे अधिक सड़क चौड़ीकरण में पर्यावरण का नुकसान हुआ तो वहीं उसके सापेक्ष पौधारोपण नहीं हो सका। यदि पौधारोपण हुआ तो उतना जिंदा नहीं रहे। ऐसे में कालोनियों में बने पार्कों का सुंदरीकरण कराने के साथ वहां अधिक से अधिक पौधे लगाने पर विचार किया गया है। कोशिश है कि ऐसे पौधे लगाए जाएंगे जिससे आक्सीजन मिले।

**घर के बाहर मिलेगा जिम:** स्वास्थ्य लाभ के लिए व्यायाम जरूरी है। 90 प्रतिशत से अधिक लोग जिम जाना पसंद नहीं करते हैं। पार्क में ऐसे उपकरण लगाए जाएंगे जिससे कालोनीवासी घर के बाहर निकलकर सुबह-शाम जिम में व्यायाम कर सकें। उनके साथ बच्चे भी पार्क का आनंद उठा सकें। ओपन जिम में योगा, बैडमिंटन, वालीबाल कोर्ट, बैठने के बेंच आदि।

**नहीं होगी गंदगी:** वाराणसी विकास प्राधिकरण, नगर निगम और प्राइवेट कालोनियों में पार्क बने हैं लेकिन रख-रखाव सही ढंग से नहीं होने के चलते वहां गंदगी रहती है। कई कालोनियों में आसपास के रहने वाले लोग गंदगी भी करते हैं।



वीडीए की ओर से तैयार किया पार्क का माडल

#### सड़क पर होते हैं हादसे

पार्क में गंदगी होने पर लोग सड़क पर टहलते हैं, ऐसे में दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। अक्सर मामले सामने आते हैं कि सुबह टहलने के दौरान किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। कई लोगों की जान तक चली जाती है।

**इन पार्कों की बदलेगी सूरत :** • अशोक नगर कालोनी, ए-ब्लाक, सारंगतालाब • अशोक नगर कालोनी, बी-ब्लाक, सारंगतालाब • महादेव नगर पार्क, सारंगतालाब • महादेव नगर, चिल्ड्रेन पार्क • कांशीराम आवासीय योजना, ब्लाक-5, टेंपल पार्क • कांशीराम आवासीय योजना, वाटर टैंक पार्क • कांशीराम आवासीय योजना, आंबेडकर पार्क • कांशीराम आवासीय योजना, ग्रीन पार्क • पत्रकारपुरम कालोनी-एक, गिलट बाजार • पत्रकारपुरम कालोनी-ए-1, गिलट बाजार • आफिसर कालोनी, खजुरी • वीडीए कालोनी, बड़ालालपुर, फेज-1, ब्लाक-बी



कालोनियों में पार्क का रख-रखाव सही ढंग से नहीं होने और गंदगी से बचाने के लिए पहले चरण में 50 पार्कों का सुंदरीकरण कराने के साथ ओपन जमीन बनाने पर विचार किया गया है। पार्क में हरियाली और ओपन जिम बनने से लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।
-पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए

## दैनिक जागरण—दि0 05.06.2025

### वीडीएम ने वेंडिंग जोन से हटाया अतिक्रमण

जासं, वाराणसी : सेंट्रल जेल रोड पर वीडीए की ओर से बनाए गए वेंडिंग जोन के सामने अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को कार्रवाई की गई। वीडीए के अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा ने बताया कि अतिक्रमण से सुंदरता खराब हो रही थी। ट्रैफिक पुलिस की मदद से अतिक्रमण हटा दिया गया। सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा, नगर निगम और ट्रैफिक विभाग की टीम मौजूद रही।

## ज्ञानशिखा टाइम्स—दि0 05.06.2025

### फूलवरिया तिराहा से सेंट्रल जेल रोड तक सड़क किनारे हटाया अतिक्रमण

**वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर चला संयुक्त अभियान**

**ठेला-खुमचे हटाए गए, वेंडिंग जोन के बाहर व्यवसाय पर लगाया रोक**

वाराणसी, 4 जून। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा बुधवार को फूलवरिया तिराहा से लेकर सेंट्रल जेल रोड तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ठेला-खुमचों को हटाकर व्यवस्थित किया गया और वेंडिंग जोन से बाहर व्यवसाय कर रहे दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे नियत क्षेत्र में ही व्यवसाय करें। यह अभियान वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर चलाया गया, जिसका नेतृत्व अपर सचिव गुणाकेश शर्मा ने किया। अभियान में वाराणसी यातायात पुलिस की ओर से ट्रैफिक इंस्पेक्टर अनुराग त्यागी मौके पर मौजूद रहे, जिन्होंने



यातायात को नियंत्रित करते हुए अतिक्रमण हटवाने में सहयोग किया। नगर निगम की ओर से प्रवर्तन दल प्रमुख कर्नल संदीप ने भी अभियान में भाग लिया। वीडीए की ओर से ज़ोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा तथा प्रवर्तन दल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे, जिन्होंने समन्वित प्रयासों से कार्रवाई को अंजाम दिया। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि वेंडिंग जोन के बाहर कोई भी ठेला या दुकान अव्यवस्थित रूप से स्थापित न रहे। वीडीए अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा और जो भी व्यक्ति पुनः अतिक्रमण करेगा, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण की इस पहल को क्षेत्रवासियों ने सकारात्मक रूप में लिया और सड़क पर फैल रही अव्यवस्था को नियंत्रित करने के प्रयासों की सराहना की।

न्यायाधीश–दि0 05.06.2025

## फूलवरिया तिराहा से सेंट्रल जेल रोड तक सड़क किनारे हटाया अतिक्रमण

### वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर चला संयुक्त अभियान

वाराणसी,। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा बुधवार को फूलवरिया तिराहा से लेकर सेंट्रल जेल रोड तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ठेला-खुमचों को हटाकर व्यवस्थित किया गया और वेंडिंग जोन से बाहर व्यवसाय कर रहे दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे नियत क्षेत्र में ही व्यवसाय करें।यह अभियान वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर चलाया गया, जिसका नेतृत्व अपर सचिव गुणाकेश शर्मा ने किया। अभियान में वाराणसी यातायात पुलिस की ओर से ट्रैफिक इंस्पेक्टर अनुराग त्यागी मौके पर मौजूद रहे, जिन्होंने यातायात को नियंत्रित करते हुए अतिक्रमण हटवाने में सहयोग किया।नगर निगम की ओर से प्रवर्तन दल प्रमुख कर्नल संदीप ने भी अभियान में भाग लिया। वीडीए की ओर से ज़ोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा तथा प्रवर्तन दल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे, जिन्होंने समन्वित प्रयासों से कार्रवाई को अंजाम दिया।अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि वेंडिंग जोन के बाहर कोई भी ठेला या दुकान अव्यवस्थित रूप से स्थापित न रहे। वीडीए अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा और जो भी व्यक्ति पुनः अतिक्रमण करेगा, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

न्यायाधीश–दि0 05.06.2025

## डिज़ाइन समर कैंप का आयोजन 16 से 20 तक

वाराणसी ।राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान वाराणसी द्वारा डिज़ाइन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जो 16 जून से 20 जून 2025 तक चलेगा। यह कैंप 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है, जिससे वे रचनात्मकता और डिज़ाइन के विभिनन्‍आयामों से परिचित हो सकें।इस 5-दिवसीय समर कैंप में प्रतिभागी निम्नलिखित क्रिएटिव वर्कशॉप्स में हिस्सा लेंगे: मोबाइल फोटोग्राफी, टेराकोटा ज्वेलरी निर्माण डिस्चार्ज प्रिंटिंग तकनीक फैब्रिक मैनिपुलेशन (कपड़े की कलात्मक तकनीक)कार्यक्रम का आयोजन NIFT कैंपस, BLOCK-C & D, ट्रेड फैसिलिटेट सेंटर, बड़ा लालपुर, चंदमारी, वाराणसी-221007, उत्तर प्रदेश में किया जाएगा।